लोक सभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री श्री मनोहर परींकर के निवास पर उनके परिवारजनों से भेंट की।

पणजी , २२ मार्च 2019 : लोक सभा स्पीकर सुमित्रा महाजन ने गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री श्री मनोहर परींकरजी के निवास पर उनके परिवारजनों से भेंट की। श्रीमती महाजन, जो आज दोपहर गोवा पहुंची थीं , श्री परींकरजी के परिवारजनों को सांत्वना दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा: " पर्रिकर जी एक सक्षम और ऊर्जावान व्यक्ति थे जिन्होंने अपनी अंतिम सांस तक काम किया। उनका एकमात्र उद्देश्य लोगों की सेवा करना था। तकनीक का ज्ञान होने के कारण रक्षामंत्री के रूप में उनका कार्यकाल अत्यंत सफल रहा। लोक सभा में उनके उत्तर ऐसे होते थे कि सभी संतुष्ट हो जाते थे। मैंने कभी भी उनको उदास या निराश नहीं देखा। मैं उनके अंतिम संस्कार में नहीं आ पाई थीं। इसलिए आज उनके परिवार का दुख साझा करने आई हूँ। श्री पर्रिकर जी के साथ मैनें बहुत लंबे समय तक काम किया है। उनका अपनत्व और भोलापन मन को छू जाता था। उनके निधन से बेहद व्यथित हूँ। "